# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

जिला-बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत 494001

**Bastar Vishwavidyalaya, Jagdalpur**

(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494005, Phone 07782-229037, Fax 07782-229226, www.bvvjdp.ac.in

# कार्यपरिषद

## की 14वीं बैठक दिनांक 17.04.2015

- विषय सूची
- विषय से संबंधित समस्त दस्तावेज सहित

## 17 अप्रैल 2015

# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
# BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक / 774 /अका./ब.वि.वि./2015 जगदलपुर, दिनांक 30/04/2015

प्रति,

.............................................................

.............................................................

.............................................................

.............................................................

विषय :— दिनांक 17.04.2015 को आयोजित कार्यपरिषद बैठक की कार्यवृत्त प्रेषण के संबंध मे।

*****

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के कार्यपरिषद की 14वीं बैठक दिनांक 17.04.2015 को आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में लिए गए निर्णयों का कार्यवाही विवरण संलग्न कर इस आशय के साथ प्रेषित किया जा रहा है कि उक्त कार्यवाही विवरण में किसी प्रकार का सुधार या आपत्ती हो तो कृपया 30 दिवस के भीतर अपना सुझाव या अभिमत प्रेषित करने का कष्ट करेंगे। उक्त समयावधि के भीतर जानकारी प्राप्त नहीं होने की स्थिति में जारी कार्यवाही विवरण में कोई आपत्ति नहीं यह मान्य किया जावेगा।

**कुलसचिव**
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / /अका./ब.वि.वि./2015 जगदलपुर, दिनांक ....../04/2015

प्रतिलिपि :—

1. कुलपति, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर उपरोक्तानुसार सूचनार्थ।

सही
**कुलसचिव**
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक /        /अका./ब.वि.वि./2015                जगदलपुर, दिनांक ......./04/2015

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, छत्तीसगढ़ के कार्यपरिषद की 14वी. बैठक दिनांक 17.04.2015 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। कार्यपरिषद की बैठक निर्धारित समय के 02 घंटे विलम्ब से प्रारंभ हुई। देरी का कारण कुछ जनप्रतिनिधि Transit मार्ग में थे इसकी सूचना सदस्यों को अध्यक्ष के द्वारा दी गई थी। शैक्षणिक पदों की भर्ती में आर्थिक अनियमितता एवं प्रक्रिया का पालन न किये जाने के आरोप के साथ जांच की मांग को लेकर N.S.U.I. छात्र संगठन द्वारा बैठक कक्ष में घुसकर उग्रप्रदर्शन जनप्रतिनिधियों के समक्ष किया गया लेकिन अध्यक्ष को किसी भी प्रकार का ज्ञापन नहीं सौंपा गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा छात्रों को दी गई समझाईश पर छात्र शांत होकर बैठक कक्ष के बाहर बैठ गये। तब कार्यपरिषद की कार्यवाही प्रारंभ हुई। कार्यपरिषद के सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | माननीय कुलपति,<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | माननीय श्री लखेश्वर बघेल,<br>विधायक, बस्तर (अ.ज.जा.) | सदस्य |
| 3. | माननीय श्री महेश गागड़ा,<br>विधायक, बीजापुर (अ.ज.जा.) | सदस्य |
| 4. | माननीय श्री संतोष बाफना,<br>विधायक, जगदलपुर | सदस्य |
| 5. | डॉ. डी.एन. मेहर, प्राचार्य,<br>शास. काकतीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | प्राचार्य – सदस्य |
| 6. | डॉ. एम.एल. लखनपाल, प्राचार्य<br>शास. नवीन महाविद्यालय, भानपुरी | संकायाध्यक्ष – सदस्य<br>विज्ञान/विधि संकाय |
| 7. | डॉ. सी.आर.पटेल, प्राचार्य,<br>शास. गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा | संकायाध्यक्ष – सदस्य<br>सामाजिक विज्ञान संकाय |
| 8. | श्री आई.पी. तिवारी, प्राचार्य,<br>श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर | प्राचार्य – सदस्य |
| 9. | फादर टी.जे. पाल, प्राचार्य,<br>क्राईस्ट महाविद्यालय, जगदलपुर | प्राचार्य – सदस्य |
| 10. | कुलसचिव<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सचिव |



80

**विषय क्रमांक –1**

कार्य–परिषद के पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णय –**

कार्य–परिषद के पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों पर बिन्दुवार समीक्षा की गई :–

**विषय क्रमांक 02** – पुनः चर्चा की गई एवं जनप्रतिनिधियों एवं कुलपति द्वारा कुलसचिव को आदेशित किया गया कि कार्यपरिषद के बैठकों में लिए गये निणयों का अक्षरशः पालन करें। कुलसचिव द्वारा जानकारी दी गई कि शासकीय महाविद्यालय, भैरमगढ़ में परीक्षा शांतिपूर्वक आयोजित की जा रही है।

**विषय क्रमांक 03** – विस्तृत चर्चा हुई सम्माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों को भरे जाने के संबंध में कार्यपरिषद के निर्णय से आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं करने पर अप्रसन्नता एवं नाराजगी व्यक्त की गई। विश्वविद्यालय में कार्यरत दै.वे.भो. कर्मचारियों द्वारा दिये गये ज्ञापन जिसमें कोई कार्यवाही नहीं किये जाने की बात कही गई है, पर भी चर्चा हुई है। कुलपति एवं कुलसचिव स्तर पर कार्यवाही को रोके जाने का, कोई कार्यवाही नहीं किये जाने को भी संज्ञान में लिया गया तथा अप्रसन्नता जाहिर की गई और विश्वविद्यालय कर्मचारियों के हित में एक समिति बनाकर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कराये जाने का निर्णय लिया गया। भर्ती में बस्तर विश्वविद्यालय के दै.वे.भो. कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाय इसका भी निर्णय लिया गया। अध्यक्ष एवं कुलपति ने बताया कि उनके स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं रोकी गई है।

**विषय क्रमांक 04** – कुलसचिव द्वारा जानकारी दी गई है कि कैन्टीन एवं पार्किंग के लिए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को नक्शा एवं प्राक्कलन बनाकर दिये जाने के लिए कहा गया है।

**विषय क्रमांक 05 एवं 06** – पूर्व में लिए निर्णय के परिपालन से कार्यपरिषद अवगत हुई।

**विषय क्रमांक 07** – अपर संचालक द्वारा की गई आपत्ति संबंधी यह पत्र फरवरी माह का है जिसे कुलसचिव 13.04.2015 को प्राप्त बताया बिना अध्यक्ष को बताये अथवा पूर्व अनुमति लिये बगैर सदन में प्रस्तुत किया। जिस पर कार्यपरिषद के सदस्यों ने कहा कि चूंकि यह प्रकरण पिछले कार्यपरिषद में निर्णित हो चुका है एवं विश्वविद्यालय लिफाफॉ का उपयोग कर रही है एवं न्यायालयीन प्रकरण भी था। अतः प्रकरण निराकृत किया जावे डिग्री बाक्स प्रिंटिंग देयक का भुगतान चूंकि किया जा चुका है, इसलिए विश्वविद्यालय कुलपति के मौखिक आदेश से क्रय की पुष्टि कराकर प्राप्त सामग्री का स्कंधपंजी में अंकित कराये जाने की भी निर्णय कार्यपरिषद द्वारा लिया गया।

**विषय क्रमांक 08** – पूर्व में लिए निर्णय के परिपालन में कार्यपरिषद अवगत हुई।

**विषय क्रमांक 09** – कार्यपालन अभियंता छ.ग. गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर द्वारा कार्यालयीन अभिलेखों के साथ कुलपति निवास/कुलसचिव निवास तथा चार दीवारी एवं अकादमिक भवन प्रथम तल का हस्तांतरण दिनांक 05.02.2015 को बस्तर विश्वविद्यालय को किये जाने की सूचना कार्यपरिषद को दी गई। विश्वविद्यालय यंत्री नहीं होने कारण भवनों का निर्माण निर्धारित नक्शा एवं प्राक्कलन के अनुसार किया गया है अथवा नहीं के निरीक्षण प्रतिवेदन हेतु समिति को दिनांक 27.02.2015 को पत्र जारी किया गया। तत्पश्चात् गठित समिति द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदन दिनांक 10.04.2015 को प्रस्तुत किया गया है। कार्यपरिषद के दिनांक से पहले निरीक्षण प्रतिवेदन के बारे में अध्यक्ष एवं कुलपति को कोई जानकारी नहीं दी गई।

**विषय क्रमांक 10** – किये गये पालन पर अवगत हुए।

**विषय क्रमांक 11** – बार कौंसिल ऑफ इण्डिया से सम्पर्क करने के लिए कुलपति महोदय को कार्यपरिषद द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई।

**विषय क्रमांक 12** – निर्णय से अवगत हुए।

**विषय क्रमांक 13** – विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा विज्ञापन का प्रारूप समय पर तैयार कर प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण 45 दिवस के अन्दर विज्ञापन जारी नहीं किया गया तथा उक्त के संबंध में तीन से चार बैठक की गई है एवं वर्तमान में विज्ञापन प्रारूप कुलपति महोदय को दिनांक 16.04.2015 को देने संबंधी जानकारी कुलसचिव द्वारा कार्यपरिषद को अवगत कराया गया है।

**विषय क्रमांक 14** – प्रशासनिक भवन के भू–तल के भीतरी भागों में रंगाई–पोताई के लिए वित्तीय वर्ष 2015–16 में बजट प्रावधान कराये जाने की जानकारी दी गई है। अकादमिक भवन में ट्रांसपरेन्ट हॉल निर्माण कार्य के लिए डिपाजिट की गई राशि रू. 13.50 लाख हेतु छ.ग. गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को अंतिम चेतावनी पत्र देकर कार्य की प्रगति की जानकारी के साथ कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने की स्थिति में राशि ब्याज सहित वापसी के लिए कार्यपालन, अभियंता, छ.ग. गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को पत्र लिखा जावे।

विश्वविद्यालय परिसर में प्रशासनिक भवन प्रथम तल निर्माण कार्य के लिए अधोसंरचना मद में राशि उपलब्ध नहीं होने एवं शासन द्वारा प्रशासनिक भवन निर्माण कार्य के लिए ग्राम घाटलोहंगा/ टिकरालोहंगा में वित्तीय स्वीकृति दी गई है, की जानकारी कुलसचिव द्वारा दी गई। घाटलोहंगा में समस्त भवन निर्माण कार्य कराया जाये एवं जिला कलेक्टर से सम्पर्क कर अतिरिक्त 100 एकड़ भूमि हस्तांतरण के लिए प्रयास किया जाय ऐसा निर्णय लिया गया तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा भी घाटलोहंगा/ टिकरालोहंगा में जमीन के लिए प्रयास किया जायेगा इसकी स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक 15** – निर्णय से अवगत हुए।

**विषय क्रमांक 16** – बायोटेक्नोलॉजी अंतिम सेमेस्टर के छात्राओं द्वारा जनप्रतिनिधियों से भेंटकर अपना निवेदन प्रस्तुत किया कि उन्हें डिजर टेशन, प्रायोगिक एवं व्हायवा में जानबूझकर कम अंक दिये गये थे। जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर एक समिति गठित की गई जिसमें निम्नानुसार सदस्य होंगे :–

1. डीन, जीव विज्ञान संकाय – अध्यक्ष (प्राचार्य, शास.दन्तेश्वरी महावि. जगदलपुर,)
2. डॉ. शरद नेमा – सदस्य (वि.वि. अध्ययनशाला)
3. डॉ. अनिता नायर – सदस्य (क्राईस्ट कालेज)
4. डॉ. संजीवन कुमार, प्रभारी विभागाध्यक्ष – प्रस्तोता

समिति छात्राओं के आवेदन पर विचार कर उन्हें प्रायोगिक अंकों में एवं व्हायवा में पक्षपात नम्बर दिये जाने की जांचकर जांचप्रतिवेदन कुलपति को सौंपेगी। यदि पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया गया है तो पुनः इन परीक्षाओं को कराई जायेगी। प्रक्रियागत कार्य विभागाध्यक्ष एवं रजिस्ट्रार करेंगे। कमेटी यह देखेगी कि अन्य विद्यार्थियों के प्राप्तांक एवं इन विद्यार्थियों द्वारा पूर्ण एवं इस परीक्षा में प्राप्तांक का तुलना करेंगी। अध्यक्ष द्वारा यह बताया गया कि कतिपय मामले में इनटरनल इक्जामिनर के रूप में गाईड सम्मिलित नहीं किया गया है। कुलपति महोदय द्वारा आगामी कार्यपरिषद बैठक में प्रतिवेदन पर निर्णय के लिए रखा जायेगा।

**विषय क्रमांक 17** – कुलपति निवास में आज दिनांक तक सामग्री भण्डार द्वारा क्रय कर प्रदाय नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई एवं कुलसचिव को आदेशित की गई कि सामग्री भण्डार क्रय नियमानुसार क्रय कर प्रदाय की जाये।

**विषय क्रमांक 18 से 25** तक – पालन किये जाने की सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक 26** – पी.एच.डी. समन्वयकों का मानदेय राशि रू. 2000/– का प्रस्ताव कार्यपरिषद द्वारा अनिर्णित रहा।

**विषय क्रमांक 27 एवं 28** – पालन किये जाने की सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक 29** – शीघ्र कार्यवाही कुलसचिव स्तर पर किये जाने के लिए आदेशित किया गया।

**विषय क्रमांक 30** – पालन किये जाने की सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक 31** – भवन समिति के बैठक में ग्रंथालय भवन निर्माण के संबंध में प्रस्ताव रखा जाये, इसका भी निर्णय लिया गया।

## टेबल एजेन्डा

**विषय क्रमांक 01 एवं 02 –** कार्यवाही से सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक 03 –** सी.सी.टी.वी. कैमरा हेतु निविदा जारी किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक 04 –** प्राप्ति की सूचना ग्रहण की गई तीसरा वाहन लगभग एक सप्ताह के भीतर प्राप्त हो जावेगी तथा उक्त वाहनों की प्रवर्तित दरे अनुमोदित की गई।

**विषय क्रमांक 05,06,07 एवं 08 –** सूचना ग्रहण की गई।

**कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 07.01.2015 में लिए गये निर्णयों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये एवं कार्यवृत्त का अनुमोदन किये गये।**

## विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 17.04.2015 में प्रस्तुत कार्यसूची

**विषय क्रमांक –2** **(वित्त विभाग से 01)**

राशि रू. 1.00 लाख से अधिक भुगतान पश्चात् कार्योत्तर स्वीकृति सह सूचना के संबंध में वित्त विभाग से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है। (पत्र संलग्न)

**निर्णय –**

वित्त विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों पर निम्नानुसार निर्णय लिया गया :–

1. राशि रू. 1.00 लाख से अधिक भुगतान की कार्यपरिषद द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति दी गई।

2. कार्यालयीन प्रस्तावित बजट 2015–16 का वित्त समिति की स्वीकृति उपरांत कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया।

3. कार्यपरिषद को अवगत कराया गया।

4. डॉ. जे.के. जैन पूर्व कुलसचिव, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर को दिनांक 24.10.2008 से 23.10.2012 तक 5वें वेतनमान के दर वेतन दिया जा रहा था। शासन के आदेशानुसार नवीन वेतनमान की स्वीकृति के अनुसार अन्तर की राशि 13,67,794/–का भुगतान की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक –3** **(भण्डार शाखा से 04)**

वर्ष 2014–15 में परीक्षा हेतु नियमित तथा अमहाविद्यालयीन ओ.एम.आर. आवेदन फार्म मुद्रण निविदा के माध्यम से कराया गया था। जिसमें M.I.C.S., Amarnath Colony, Bhopal (M.P.) की मुद्रण राशि वेट सहित राशि रू. 21,46,500/– का भुगतान की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु भण्डार शाखा से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय –**

कार्योत्तर स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक –4**

आदर्श सहकारी मुद्रणालय जगदलपुर से विभिन्न लिफाफे मुद्रण किये जा रहे हैं जिनकी लागत राशि रू. 5 प्रतिशत वेट सहित राशि रू. 1,95,510/– भुगतान की स्वीकृति हेतु भण्डार शाखा से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय –**

भुगतान की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक –5**

वर्ष 2015–16 की परीक्षा के लिए छः लाख मुख्य उत्तरपुस्तिका छ.ग. संवाद, रायपुर से मुद्रण करवाया जा रहा है। जिसकी अनुमानित लागत लगभग रू. 17.00 लाख सम्भावित है देयक प्राप्ति की प्रत्याशा में भुगतान की अग्रिम स्वीकृति हेतु भण्डार शाखा से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय –**

विश्वविद्यालय में देयक प्राप्त होने पर भुगतान की अग्रिम स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक – 6**

बस्तर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं अकादमिक भवनों में लगे Cease Fire अग्निशमन यंत्रों की कालावधि समाप्त के कारण उन्नयन कराया गया है। जिसकी व्यय लागत रू. 14 प्रतिशत वेट सहित राशि रू. 2,17,403/– भुगतान की स्वीकृति हेतु भण्डार शाखा से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय –**

कार्योत्तर स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक – 7** **(ग्रथालय विभाग से कुल 08 बिन्दु)**

बस्तर विश्वविद्यालय में एम.कॉम. / एल.एल.बी. की कुछ उपाधियों का मुद्रण (2010,2011 एवं 2012) नहीं हो पाया है। उपरोक्त उपाधियों का मुद्रण कराये जाने हेतु ग्रंथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

जिन विषयों के उपाधि मुद्रण नहीं हुए है, ऐसे उपाधि प्रमाण पत्रों का मुद्रण कराये जाने की स्वीकृति दी गई है।

**विषय क्रमांक –8**

उपाधियों की सुरक्षा हेतु उपाधि प्रकोष्ठ में बंद ग्लास आलमारियों (10 नग) तथा एक नग कम्प्यूटर और प्रिन्टर को क्रय क्रय किये जाने हेतु ग्रंथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

क्रय की स्वीकृति दी गई है।

**विषय क्रमांक –09**

विश्वविद्यालय ग्रंथालय हेतु Book Card, Book Pocket, Due Date Slip Book Sticker Borrowers Card को क्रय किये जाने हेतु ग्रंथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

क्रय की स्वीकृति दी गई है।

**विषय क्रमांक – 10**

Borrowers Card को रखने हेतु Card Cabinet 05 नग क्रय किये जाने हेतु ग्रंथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

क्रय की स्वीकृति दी गई है।

**विषय क्रमांक –11**

ग्रंथालय की पुस्तकों को Display हेतु 20 नग कांच की आलमारियों (Book Shelf) को क्रय किये जाने हेतु ग्रंथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

क्रय की स्वीकृति दी गई है।

**विषय क्रमांक –12**

ग्रंथालय हेतु 15 नग कम्प्यूटर चेयर एवं 15 नग Head Phone क्रय किये जाने हेतु ग्रंथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

क्रय की स्वीकृति दी गई है।

**विषय क्रमांक –13**

विश्वविद्यालय ग्रंथालय में वर्ष 2015 के लिए पुस्तकों, पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं को क्रय किये जाने हेतु ग्रंथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

क्रय की स्वीकृति दी गई है।

**विषय क्रमांक –14**

सुरक्षा की दृष्टि से विश्वविद्यालय ग्रंथालय के मुख्य द्वार को बदलना है तथा खिड़कियों में Lock System लगाये जाने हेतु ग्रंथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

ग्रंथालय के मुख्य द्वार को बदलने तथा खिड़कियों में Lock System लगाये जाने की स्वीकृति दी गई है।

**विषय क्रमांक –15** **(परीक्षा/गोपनीय विभाग से 01)**

पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना एवं तृस्तरीय मूल्यांकन के शुल्क में वृद्धि के संबंध में परीक्षा/गोपनीय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

इस सत्र में किसी तरह की शुल्क वृद्धि नहीं किये जाने का निर्णय कार्यपरिषद द्वारा लिया गया है।

टीप :–

दिनांक 13.04.2015 को कुलपति कार्यालय से प्राप्त प्रस्ताव संलग्न है, विचारार्थ प्रस्तुत।

**विषय क्रमांक –01**

विभिन्न विषयों के शिक्षकीय पदों के साक्षात्कार दिनांक 23.04.2015 से 27.04.2015 का आयोजन सफलतापूर्वक होने के उपरांत चयन सूची का अवलोकन तथा चयन सूची जारी करने की अनुमति के संबंध में कुलपति कार्यालय से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचरार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप –**

शिक्षकीय पदों की पूर्ति संबंधी साक्षात्कार दिनांक 23.03.2015 से 27.03.2015 तक रायपुर स्थित कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। अतः चयनित अभ्यर्थियों की चयन सूची अवलोकनार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रकरण प्रस्तुत है।

**निर्णय –**

शिक्षकीय पदों के साक्षात्कार के संबंध में कार्यपरिषद के सम्माननीय सदस्यों, विधायकगणों द्वारा इस संबंध में कहा गया एक विशेष मिटिंग आयोजित कर कार्यपरिषद की निकट भविष्य में लेकर इस पर निर्णय किया जावेगा।

**विषय क्रमांक –02**

सी.सी.टी.व्ही. कैमरे लगाये जाने के संबंध में कुलपति कार्यालय से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचरार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

सी.सी.टी.वी. कैमरा हेतु निविदा जारी किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक –03**

भवन समिति के निर्णयानुसार नवनिर्मित कुलपति निवास एवं कुलसचिव निवास के निरीक्षण हेतु गठित समिति का निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत के संबंध में कुलपति कार्यालय से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचरार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

कुलपति निवास/कुलसचिव निवास तथा अकादमिक भवन प्रथम तल के निरीक्षण कर समिति द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया गया। किन्तु अध्यक्ष एवं कुलपति इस रिपोर्ट को फाइल में पहले प्रस्तुत नहीं किया गया था।

**विषय क्रमांक –04**

कुलपति निवास के लिये विभिन्न आवश्यक सामग्री की आवश्यकता संबंधी प्रकरण पूर्व बैठक में पारित निर्णयानुसार आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं होने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत। नवनिर्मित कुलपति निवास तथा कुलसचिव निवास में शिफ्टिंग के पूर्व समस्त आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के संबंध में कुलपति कार्यालय से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचरार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप–**

कार्यपरिषद की पूर्व बैठक दिनांक 07.01.2015 में पारित निर्णयानुसारं कुलपति निवास हेतु विभिन्न सामग्रियों की पूर्ति शीघ्र करने हेतु निर्देश दिया गया था। किन्तु सामग्री आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुआ है जिससे कुलपति निवास में काफी असुविधा हो रही है, जो कि कार्यपरिषद के निर्णयों का पालन नहीं करने की श्रेणी में आता है।

**निर्णय –**

भण्डार क्रय नियमों के अनुसार समस्त सामग्रियॉ क्रय करने का निर्देश दिया गया ।

**विषय क्रमांक –05**

विश्वविद्यालय मुख्य प्रवेश द्वार तथा डब्ल्यू.बी.एम. सड़क के मध्य स्थित कच्ची सड़क में सी.सी. रोड़ निर्माण के संबंध में कुलपति कार्यालय से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचरार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप–**

बस्तर विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार तथा कालीपुर मार्ग जाने वाली डब्ल्यू.बी.एम. रोड़ के मध्य स्थित कच्ची सड़क में सी.सी. रोड़ निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। चूंकि विश्वविद्यालय के प्रारंभ से उक्त सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे बरसात के दिनों में कीचड़ आदि की समस्या होती है। चूंकि विश्वविद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार है अतः सी.सी. रोड़ निर्माण किया जाना उचित होगा।

**निर्णय –**

प्रस्ताव को मान्य किया गया इस संबंध में नक्शा एवं प्राक्कलन तैयार कर कार्यपरिषद की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में कुलसचिव आवश्यक कार्यवाही करें।

**विषय क्रमांक –06**

विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समीप अधिकारियों एवं स्टॉफ हेतु निर्मित कार एवं स्कूटर स्टैण्ड के विस्तार के संबंध में कुलपति कार्यालय से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचरार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप–

विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समीप अधिकारियों एवं स्टॉफ हेतु पूर्व में निर्मित कार एवं स्कूटर स्टैण्ड का आकार छोटा होने के कारण वाहनों को यत्र–तत्र खड़ा कर दिया जाता है। अतः उक्त वाहन स्टैण्ड के बांयी ओर से स्टैण्ड के विस्तार हेतु प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय –

कुलसचिव आवश्यक कार्यवाही करें। नक्शा एवं प्राक्कलन तथा स्थान चयन हेतु भवन समिति की आगामी बैठक में रखा जायेगा।

## कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 17.04.2015 हेतु अध्यक्ष की अनुमति से टेबल एजेन्डा

**विषय क्र. –01**

बस्तर विश्वविद्यालय में रिक्त विभिन्न तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के नियुक्ति संबंधी।

निर्णय –

बस्तर विश्वविद्यालय में रिक्त विभिन्न तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के नियुक्ति के संबंध में पूर्व में भी विस्तार से चर्चा हुई। नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए तीन सदस्यीय समिति निम्नानुसार गठित किया गया है :–

1. डॉ. डी.एन मेहर, प्राचार्य, – अध्यक्ष
   शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर
2. डॉ. इन्दु अनंत, कुलसचिव – सदस्य
   बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
3. डॉ. शरद नेमा, सह. प्राध्यापक – सदस्य
   वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला,जगदलपुर

उक्त समिति के अध्यक्ष को तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों की भर्ती के लिए प्रश्न पत्र तीन सेट में गोपनीय रूप से तैयार कराये जाने के लिए अधिकृत किया गया है तथा इस कार्य को पूर्ण गोपनीयता से सम्पादित कराये जाने के लिए अध्यक्ष को अग्रिम राशि प्रदाय किया जावेगा। 20 जून 2015 को परीक्षा के लिए तिथि निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय में कार्यरत दै.वे.भो. कर्मचारियों को उनके पूर्व कार्य अवधि के अनुसार कुल 10 अंक का बोनस दिया जावेगा। प्रतिवर्ष के हिसाब से 02 अंक, अधिकतम 10 अंक होंगे व सेवाकाल की अवधि 05 वर्ष की होगी।

**विषय क्र. – 02**

कलेक्टर दर पर कार्यरत पांच मजदूरों के लंबित वेतन भुगतान के संबंध में।

**निर्णय –**

कुलसचिव द्वारा जानकारी दी गई कि उल्लेखित पांच मजदूरों में से चार मजूदर परीक्षा संबंधी कार्य कर रहें है। कुलसचिव ने कहा कि पांचवे कुलपति महोदय के निज संबंधी है एवं उनके द्वारा निवास पर कार्य कर रहें है। इन सभी को कार्य पर रखे जाने की अनुशंसा कुलसचिव द्वारा नहीं किया गया है तथापि इनसे कार्य लिया गया है। कार्यपरिषद द्वारा कार्यरत पांच मजदूरों के लिए लम्बित मजदूरी भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान करते हए विश्वविद्यालय में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग पदों के नियमित नियुक्ति तक इनसे पूरा कार्य लिए जाने की भी स्वीकृति दी गई है।

**विषय क्र. – 03**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के विभिन्न पाठ्यक्रमों तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी का प्रकाशन संबंधी दैनिक नवभारत, रायपुर का देयक राशि रूपये 10,000/– तथा छत्तीसगढ़ वॉच द्वारा प्रकाशित शिक्षा निर्देशिका/बुकलेट के प्रकाशन संबंधी देयक राशि रूपये 10,000/– के कुल राशि रूपये 20,000/– भुगतान संबंधी।

**निर्णय –**

कार्यपरिषद द्वारा भुगतान की स्वीकृति दी गई एवं कुलसचिव को इस तरह के कार्यों में आपत्ति नहीं लगाये जाने के लिए भी निर्देश दियें है।

**विषय क्र. – 04**

पीएच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा आयोजित करने के संबंध में।

**निर्णय –**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा पी.एच.डी. परीक्षा आयोजित करने की अनुमति प्रदान की गई। पीएच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा आयोजित कराये जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई कार्यपरिषद के सदस्य डॉ. डी.एन. मेहर, प्राचार्य एवं प्रो. लखनपाल ने वर्तमान में चल रहे कोर्सवर्क पर अपनी आपत्ति दर्ज करायी है और उसका उल्लेख कार्यवृत्त में किये जाने का आग्रह किया है। डॉ. डी.एन. मेहर ने कहा कि पी.एच.डी. अध्यादेश 45, जनवरी 2015 में अंगीकृत किया गया है। जबकि प्रो. लखनपाल का अभिमत था कि यदि यू.जी.सी. के अनुसार कोर्सवर्क करायी गई है। परीक्षा ली जाये।

**विषय क्र. – 05**

बस्तर विश्वविद्यालय में संचालित बी.एड़ हेतु द्विवर्षीय बी.एड़. पाठ्यक्रम लागू करने बाबत् छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी से प्राप्त पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी एवं आवश्यक पदों आदि की मांग संबंधी पत्र कुलसचिव करें।

**निर्णय –**

बी.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के लिए कुलसचिव को पत्राचार किये जाने का निर्देश दिया गया।

**विषय क्र. – 06**

उड़न दस्ता के गत वर्ष के लंबित बिलों का भुगतान के संबंध में।

**निर्णय –**

उड़नदस्ता दल द्वारा निर्धारित प्रारूप में जानकारी दिये जाने पर लम्बित देयकों का भुगतान किये जाने हेतु संबंधित सदस्यों को पत्र लिखे जाने के लिए कुलसचिव को निर्देश दिया गया। नियमानुसार लम्बित देयकों का भुगतान किया जाये।

**विषय क्र. – 07**

श्री बेजेश बड़ौदिया, संगीत शिक्षक का आवेदन दिनांक 15.04.2015 के अनुसार स्थापना दिवस 01.10.2014 के दौरान आर्केस्ट्रा व्यवस्था की राशि रूपये 7000/–आज दिनांक तक प्रदान ना किये जाने के संबंध में प्रकरण विचारार्थ।

**निर्णय –**

भुगतान की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्र. – 08**

फोटो कॉपियर मशीनों का संचालन करने वाले कर्मचारियों को विशेष वेतन राशि रूपये 150/– प्रतिमाह पारिश्रमिक भुगतान के संबंध में वि.वि. कर्मचारियों का प्राप्त आवेदनों पर विचार के संबंध में।

विभागीय टीप– *उपरोक्त विषयांतर्गत छ.ग. शासन वित्त एवं योजना विभाग, मंत्रालय महानदी भवन रायपुर का पत्र क्र. 101/एफ 2013–01–00210/वि./नि./चार/ नया रायपुर, दिनांक 28.02.2014 वित्त निर्देश के अनुसार फोटो कॉपीयर मशीनों का संचालन करने वाले निम्न श्रेणी लिपिक या इसके समतुल्य या उच्च पद वाले कर्मचारियों को फोटो कॉपीयर के संचालन एवं देखभाल हेतु रूपये 150/– प्रतिमाह पारिश्रमिक का प्रावधान है। यह प्रावधान 1 जुलाई 1995 से लागू है। अतः विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के आवेदनानुसार नियमानुसार पारिश्रमिक भुगतान की स्वीकृति प्रदान हेतु प्रकरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।*

**निर्णय –**

राज्य शासन के निर्देश, परिपत्र एवं आदेश के संबंध में परीक्षण कर भत्ते दिये जाये।

**विषय क्र. –09**

कुलपति सचिवालय में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों को सचिवालयीन भत्ता प्रदाय के संबंध में।

विभागीय टीप– लेख है कि छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग का पत्र क्र. एफ 6–1/2003/1–8, दिनांक 28.12.2006 के अनुसार कुलपति सचिवालय में कार्यरत कर्मचारियों का आवेदन प्राप्त हुआ है. जिसमें शासन के नियमानुसार कुलपति सचिवालय में कार्यरत कर्मचारियों को सचिवालयीन भत्ता उनके नियुक्ति तिथि से प्रदाय हेतु निवेदन किया गया है। *सचिवालयीन कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार निम्नानुसार दर अनुसार दिनांक 01.01.2007 से सचिवालय भत्ता प्रदाय किया जाता है:–*

| | | |
|---|---|---|
| 01. | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | – रू. 150/– |
| 02. | तृतीय श्रेणी कर्मचारी | |
| | 1. सहायक ग्रेड–03 एवं समकक्ष | – रू. 200/– |
| | 2. सहायक ग्रेड–02 एवं समकक्ष | – रू. 200/– |
| | 3. सहायक ग्रेड–01 एवं समकक्ष तथा निजसहायक | – रू. 225/– |
| | 4. स्टेनो टायपिस्ट एवं अन्य समकक्ष | – रू. 200/– |
| | 5. राजपत्रित अधिकारी/अनुभाग अधिकारी/निज सचिव | – रू. 275/– |

**निर्णय –**

राज्य शासन के निर्देश, परिपत्र एवं आदेश के संबंध में परीक्षण कर भत्ते दिये जाये।

**विषय क्र. –10**

बी.एड. एवं अन्य तीन विषयों के विज्ञापन के संबंध मे।

**निर्णय –**

विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति के अनुसार विज्ञापन का प्रारूप कुलपति महोदय को दिनांक 16.04.2015 को देने संबंधी जानकारी कुलसचिव द्वारा कार्यपरिषद को अवगत कराया गया है।

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in

**बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, छत्तीसगढ़ के कार्यपरिषद की 14वीं बैठक दिनांक 17.04.2015 हेतु विषय सूची :–**

**विषय क्रमांक –1**

कार्य–परिषद के पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन।

**विषय क्रमांक –2** **(वित्त विभाग से 01)**

राशि रू. 1.00 लाख से अधिक भुगतान पश्चात् कार्योत्तर स्वीकृति सह सूचना के संबंध में वित्त विभाग से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है। (पत्र संलग्न)

**विषय क्रमांक –3** **(भण्डार शाखा से 04)**

वर्ष 2014–15 में परीक्षा हेतु नियमित तथा अमहाविद्यालयीन ओ.एम.आर. आवेदन फार्म मुद्रण निविदा के माध्यम से कराया गया था। जिसमें M.I.C.S., Amarnath Colony, Bhopal (M.P.) की मुद्रण राशि वेट सहित राशि रू. 21,46,500/– का भुगतान की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु भण्डार शाखा से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

**विषय क्रमांक –4**

आदर्श सहकारी मुद्रणालय जगदलपुर से विभिन्न लिफाफे मुद्रण किये जा रहे हैं जिनकी लागत राशि रू. 5 प्रतिशत वेट सहित राशि रू. 1,95,510/– भुगतान की स्वीकृति हेतु भण्डार शाखा से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

**विषय क्रमांक –5**

वर्ष 2015–16 की परीक्षा के लिए छः लाख मुख्य उत्तरपुस्तिका छ.ग. संवाद, रायपुर से मुद्रण करवाया जा रहा है। जिसकी अनुमानित लागत लगभग रू. 17.00 लाख सम्भावित है देयक प्राप्ति की प्रत्याशा में भुगतान की अग्रिम स्वीकृति हेतु भण्डार शाखा से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

विषय क्रमांक – 6

बस्तर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं अकादमिक भवनों में लगे Cease Fire अग्निशमन यंत्रों की कालावधि समाप्त के कारण उन्नयन कराया गया है। जिसकी व्यय लागत रू. 14 प्रतिशत वेट सहित राशि रू. 2,17,403/– भुगतान की स्वीकृति हेतु भण्डार शाखा से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

विषय क्रमांक – 7 **(ग्रथालय विभाग से कुल 08 बिन्दु)**

बस्तर विश्वविद्यालय में एम.कॉम./एल.एल.बी. की कुछ उपाधियों का मुद्रण (2010,2011 एवं 2012) नहीं हो पाया है। उपरोक्त उपाधियों का मुद्रण कराये जाने हेतु ग्रंथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

विषय क्रमांक –8

उपाधियों की सुरक्षा हेतु उपाधि प्रकोष्ठ में बंद ग्लास आलमारियों (10 नग) तथा एक नग कम्प्यूटर और प्रिन्टर को क्रय क्रय किये जाने हेतु ग्रथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

विषय क्रमांक –09

विश्वविद्यालय ग्रंथालय हेतु Book Card, Book Pocket, Due Date Slip Book Sticker Borrowers Card को क्रय किये जाने हेतु ग्रथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

विषय क्रमांक – 10

Borrowers Card को रखने हेतु Card Cabinet 05 नग क्रय किये जाने हेतु ग्रथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

विषय क्रमांक –11

ग्रंथालय की पुस्तकों को Display हेतु 20 नग कांच की आलमारियों (Book Shef) को क्रय किये जाने हेतु ग्रथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

विषय क्रमांक –12

ग्रंथालय हेतु 15 नग कम्प्यूटर चेयर एवं 15 नग Head Phone क्रय किये जाने हेतु ग्रथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विषय क्रमांक –13**

विश्वविद्यालय ग्रंथालय में वर्ष 2015 के लिए पुस्तकों, पत्रिकाओं / शोध पत्रिकाओं को क्रय किये जाने हेतु ग्रथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विषय क्रमांक –14**

सुरक्षा की दृष्टि से विश्वविद्यालय ग्रंथालय के मुख्य द्वार को बदलना है तथा खिड़कियों में Lock System लगाये जाने हेतु ग्रथालय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विषय क्रमांक –15** **(परीक्षा / गोपनीय विभाग से 01)**

पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना एवं तृस्तरीय मूल्यांकन के शुल्क में वृद्धि के संबंध में परीक्षा / गोपनीय विभाग से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**टीप :–**

दिनांक 13.04.2015 को कुलपति कार्यालय से प्राप्त प्रस्ताव संलग्न है, विचारार्थ प्रस्तुत।

कुलसचिव

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)